# एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा अग्रवाल महाविद्यालय में मनाया गया सड़क सुरक्षा सप्ताह

By Poonam Sagar - January 17, 2023




**-युवा देश का भविष्य,राष्ट्र निर्माण में देते रहना चाहिए उन्हें अपना योगदान : कृष्ण कांत गुप्ता**

**बल्लबगढ़ (नेशनल प्रहरी/ रघुबीर सिंह)।** अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा 11 जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में "सड़क सुरक्षा सप्ताह" मनाया गया जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देने व युवाओं में जागरूकता लाने हेतु अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधियों के प्रभारी इंचार्ज डॉ० संजीव गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में सैकडो विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसके अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ पर हस्ताक्षर, शपथ ग्रहण, भाषण, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, जागरूकता रैली आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। गतिविधियों का संयोजन एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमा मलिक द्वारा कराया

गया,महाविद्यालय के छात्र – छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई। सभी को सड़क सुरक्षा से संबंधित नियम बताए और जागरूक किया गया, "उन्होंने बताया कि "सड़क सुरक्षा सप्ताह"भारत सरकार के सड़क व परिवहन मंत्रालय व हरियाणा सड़क सुरक्षा परिषद् द्वारा पूरे प्रदेश व देश में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ताकि सड़क दुर्घटना को कम किया जा सके। सड़क सुरक्षा–जीवन सुरक्षा" के मूल मन्त्र को अपनाते हुए ,जब भी वाहन चलायें, गति पर नियन्त्रण रखे, हेल्मेट लगा कर चले।

प्रथम दिन 11 जनवरी को एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा निबंध लेखन गतिविधि का आयोजन कराया गया जिसमें नरेंद्र लक्ष्मी हिमिका आकाश चंचल सोनिया आदि के साथ 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई।

दूसरे दिन 12 जनवरी को एन०एस०एस० स्वयंसेवकों को व्याख्यान गतिविधि में एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सीमा मलिक ने व्याख्यान दिया और स्वयंसेवकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के बारे में बताया और इससे जुड़ी कई सारी जानकारियां साझा की।

तीसरे दिन 13 जनवरी को एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा शपथ ग्रहण गतिविधि में डॉ० संजीव गुप्ता, डॉ० सीमा मलिक, डॉ० सचिन गर्ग, श्रीमान लवकेश, श्रीमती अनीता आदि के साथ 50 से अधिक एन०एस०एस० स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली और दूसरों को भी इसके नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया।

चौथे दिन 14 जनवरी को एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग गतिविधि में "दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।", "वाहन निर्धारित गति में चलाएं, जिम्मेदार नागरिक का फ़र्ज़ निभाएं।", "सुरक्षा के साथ समझौता, दुर्घटनाओं को न्यौता।" आदि नारों के साथ ही 20 से अधिक स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा सप्ताह पर लोगों को जागरूककरते हुए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भागीदारी दर्ज कराई।

छठे दिन 16 जनवरी को एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षित ड्राइविंग प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर गतिविधि में डॉ० संजीव गुप्ता, डॉ० सीमा मलिक, डॉ० सचिन गर्गआदि के साथ 50 से अधिक एन०एस०एस० स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली एक अच्छे नागरिक के रूप में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करेंगे।

छठे दिन 16 जनवरी को एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा सुरक्षित ड्राइविंग प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर गतिविधि में डॉ० संजीव गुप्ता, डॉ० सीमा मलिक, डॉ० सचिन गर्गआदि के साथ 50 से अधिक एन०एस०एस० स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ ली एक अच्छे नागरिक के रूप में सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करेंगे।

सातवें दिन 17 जनवरी 2023 को एन०एस०एस० स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, रैली का शुभारंभ डॉ० संजीव गुप्ता द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर डॉ० सचिन गर्ग और डॉ० सीमा मलिक भी उपस्थित रहे। "हर कार्यों में सुरक्षा के उपायों को अपनाना है, जीवन को सुरक्षित बनाना है।" "सुरक्षा मानकों का पालन मजबूरी नहीं जरुरी है।"आदि नारों के साथ रैली अम्बेडकर चौक से लेकर मैन बाजार बल्लबगढ़ होते हुए वापस महाविद्यालय पहुँची।

प्राचार्य डॉ० कृष्ण कांत गुप्ता ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा की युवा देश का भविष्य है, उन्हें राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देते रहना चाहिए। एन०एस०एस० ईकाई-III में इन गतिविधियों का सफल आयोजन एन०एस०एस० कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा मलिक, की देखरेख में किया गया। इसमें 100 से अधिक एन० एस० एस० स्वयंसेवकों और सेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई। जिसमें मुख्यतः नरेंद्र सिंह, लक्ष्मी, रिंकी, हिमिका, चंचल, अभिषेक आकाश, जतिन व सोनिया ने विशेष भूमिका निभाई ।